कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–7/हिन्दी/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् गीता भाटी, व्याख्याता (हिन्दी), राउमावि, देलदर–आबूरोड, सिरोही का स्थानान्तरण राउमावि, सनपुर (सिरोही) किया गया। गीता भाटी ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में एस.बी.सी. याचिका संख्या–16684/2019 गीता भाटी बनाम सरकार एवं अन्य दायर की गई।

याचिका संख्या–16684/2019 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक–26.11.2019 द्वारा याचिकार्थिया गीता भाटी को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय न्यायालय के निर्णय के क्रम में याचिकार्थिया गीता भाटी द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के लीगामेंट फैक्चर का ऑपरेशन होने तथा रीड़ की हड्डी में चोट आने के कारण 50 मीटर से ज्यादा पैदल नहीं चल सकने एवं स्थानान्तरित स्थान 120 कि.मी. की दूरी पर स्थित होने के कारण अपना स्थानान्तरण आदेश निरस्त कर पदस्थापन यथावत राउमावि, देलदर–आबूरोड, सिरोही की परिवेदना प्रस्तुत की है।

माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में याचिकार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि, देलदर–आबूरोड, सिरोही में व्याख्याता (हिन्दी) के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

11/12

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–7/हिन्दी/स्था.को.के./गीता भाटी /16684/2019/2 दिनांक–11/12/2019

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, सिरोही
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्रधानाचार्य राउमावि, देलदर–आबूरोड, सिरोही/राउमावि, सनपुर (सिरोही)
9. कार्मिक गीता भाटी, व्या0 हिन्दी, देलदर–आबूरोड, सिरोही
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर